य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 4 | अंक 113 | पृष्ठ 28 (24+4) | मूल्य 5.00 | **झुंझुनूं, बुधवार, 28 जनवरी, 2026** | माघ शुक्ल पक्ष दशमी संवत् 2082

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

सीरी में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

पिलानी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में क्रिकेट एवं वॉलीबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन सीएसआईआर स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की ओर से किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी एवं भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के पूर्व कोच अनूप कुमार, सीएसआईआर के वित्तीय सलाहकार चेतन प्रकाश जैन तथा स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सचिव डॉ. अनुराधा मधुकर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीरी निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। इससे पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान की पत्रिका का लोकार्पण किया गया तथा खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। सीरी विद्या मंदिर के एनसीसी बैंड ने देशभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी। वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बोरा ने बताया कि आत्माराम स्मृति वॉलीबॉल एवं नायुडम्मा स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में यूपीएससी, आईएमडी, एमईआईटीवाई, डीएसटी, एनआईसी, सीएसआईआर सहित विभिन्न संस्थानों की टीमें भाग ले रही हैं।